## न्यायालय कलेक्टर जिला टीकमगढ़ (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक 2/अ–19(3)/2019–20

मध्यप्रदेश शासन वन विभाग जिला टीकमगढ़(म.प्र.)
आवेदक/प्रथमपक्ष

**वनाम**

मध्यप्रदेश शासन राजस्व जिला टीकमगढ म.प्र.
अनावेदक/द्वितीय पक्ष

आदेश

(पारित दिनांक 24/6/2019)

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि, जिला टीकमगढ अंतर्गत सिंचाई विभाग टीकमगढ द्वारा संचालित सतधारा तालाब योजना के लिये भूमि अधिग्रहण का कार्य किया जा रहा है। इस योजना के तहत निजी भूमियों के अलावा अन्य शासकीय भूमि के साथ वन विभाग की भूमि कम्पार्टमेंट पी.एफ. 242, एवं 243, वनक्षेत्र लिधौरा जंगल, रकवा 39.00है. तहसील लिधौरा, जिला टीकमगढ म.प्र. की भूमि भी प्रभावित हो रही है।

उपरोक्त संबंध में तहसीलदार लिधौरा एवं अनुविभागीय अधिकारी जतारा द्वारा पूर्व में सतधारा तालाव योजना अंतर्गत आने वाले डूव क्षेत्र में वन विभाग की प्रश्नगत भूमि के वदले राजस्व विभाग की भूमि स्थित ग्राम लिधौरा उगड, की भूमि ख0नं0 227, कुल रकवा 24.409है0 में से 4.000है, एवं ख0नं0 228 कुल रकवा 61.673है0 में से 33.000है0 और ख0नं0 229 कुल रकवा 9.680है में से 3.000है0 कुल रकवा 40.000है0 स्थित ग्राम लिधौरा उगड तहसील लिधौरा जिला टीकमगढ की हस्तांतरित किये जाने का आदेश इस न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 26/अ–19(3)/2017–18 आदेश दिनांक 23/3/2018 के माध्यम से वन विभाग को भूमि दी गई थी।

वनमंडलाधिकारी क्षेत्रीय वन मंडल टीकमगढ द्वारा पत्र क्रमांक 622/मा.चि./2019, दिनांक 28/2/2019 तथा पत्र क्रमांक 765, दिनांक 15/4/2019 के माध्यम से उपरोक्त प्रश्नगत भूमि वन विभाग हेतु उपयुक्त नहीं होने के कारण ग्राम गुजरायतन उगड स्थित भूमि ख0नं0 78/1, रकवा 18.313है, ख0नं0 82, रकवा 1.052है. ख0नं0 83, रकवा 0.085है. एवं ख0नं0 113/3, रकवा 5.617है. कुल रकवा 25.067है0 एवं ग्राम कडवाहा स्थित भूमि ख0नं0 360/1, रकवा 6.099हे, ख0नं0 363/3/11, रकवा 7.890है0 एवं ख0नं0 362, रकवा 0.180है0 भूमि कुल रकवा 14.169है. एकत्र कुल रकवा 39.236है0 तहसील वल्देवगढ जिला टीकमगढ स्थित भूमि के प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये थे, जिसके संबंध में नायव तहसीलदार डारगुंवा तहसील वल्देवगढ एवं अनुविभागीय अधिकारी वल्देवगढ से जांच प्रतिवेदन प्राप्त किया गया।

नायव तहसीलदार डारगुंवा एवं अनुविभागीय अधिकारी वल्देवगढ द्वारा उपरोक्त भूमि वन विभाग को हस्तांतरित करने हेतु अनुसंशा सहित प्रकरण सम्पूर्ण कार्यवाही पश्चात प्रस्तुत किया गया। आम इश्तहार जारी किया गया कोई आपत्ति समयावधि में प्राप्त नहीं है।

अतः तहसीलदार लिधौरा एवं अनुविभागीय अधिकारी जतारा द्वारा सतधारा तालाव योजना अंतर्गत आने वाले डूब क्षेत्र में वन विभाग की प्रश्नगत भूमि के वदले राजस्व विभाग की भूमि स्थित ग्राम लिधौरा उगड, की भूमि ख0नं0 227, कुल रकवा 24.409है0 में से 4.000है, एवं ख0नं0 228 कुल रकवा 61.673है0 में से 33.000है0 और ख0नं0 229 कुल रकवा 9.680है में से 3.000है0 कुल रकवा 40.000है0 स्थित ग्राम लिधौरा उगड तहसील लिधौरा जिला टीकमगढ की भूमि वापिस राजस्व विभाग में वैष्ठित करते हुये ग्राम गुजरायतन उगड एवं ग्राम कडवाहा तहसील वल्देवगढ स्थित भूमि ख0नं0 78/1, रकवा 18.313है, ख0नं0 82, रकवा 1.052है. ख0नं0 83, रकवा 0.085है. एवं ख0नं0 113/3, रकवा 5.617है. कुल रकवा 25.067है0 एवं ग्राम कडवाहा स्थित भूमि ख0नं0 360/1, रकवा 6.099हे, ख0नं0 363/3/11, रकवा 7.890है0 एवं ख0नं0 362, रकवा 0.180है0 भूमि कुल रकवा 14.169है. एकत्र कुल रकवा 39.236है0 तहसील वल्देवगढ जिला टीकमगढ की भूमि म0प्र0शासन वन विभाग को हस्तांतरित किये जाने का आदेश दिया जाता है। तहसीलदार लिधौरा/वल्देवगढ आदेश का अमल राजस्व अभिलेख में करें। शासन की योजना सतधारा तालाब के डूब क्षेत्र में आने वाली वन भूमि को म0प्र0शासन जलसंसाधन विभाग को विधिवत हस्तांतरित की कार्यवाही कर राजस्व अभिलेख में अमल की जावे, तथा कार्यवाही का पंचनामा मय संशोधित अभिलेख इस न्यायालय में प्रस्तुत किया जावे।

**आदेश पारित/उद्घोषित।**

**कलेक्टर**
**जिला–टीकमगढ (म.प्र.)**